भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1773
सोमवार, 31 जुलाई, 2023/09 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

वालपराई में रोपवे परियोजना

1773. श्री के. षणमुग सुंदरम:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा वर्ष 2014 से स्वीकृत केवल कारों रोपवे परियोजनाओं की राज्यवार सूची क्या है;

(ख) क्या केंद्र सरकार की बालपराई में रोपवे केवल कार शुरू करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता', योजनाओं के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन, निधियों की उपलब्धता आदि की शर्त पर उनके परामर्श से परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाती हैं। पर्यटन मंत्रालय ने इन योजनाओं के तहत केबल कारों/रोपवे परियोजनाओं के विकास के लिए निधियां स्वीकृत नहीं की हैं।

तथापि, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सूचित किया है कि वालपराई में रोपवे/केबल कार के लिए एक पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन शुरू किया गया है। देश में विभिन्न स्थानों पर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा स्वीकृत केबल कारों/रोपवे परियोजनाओं की सूची अनुबंध में दी गई है।

****

अनुबंध

वालपराई में रोपवे परियोजना के सम्बन्ध में दिनांक 31.07.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1773 भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा स्वीकृत केबल कारों/रोपवे परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा।

क्र.सं.	परियोजना का नाम	राज्य	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)	स्वीकृति वर्ष
1.	वाराणसी-गोदौलिया रोपवे	उत्तर प्रदेश	815.58	2022
2.	गौरीकुंड-केदारनाथ	उत्तराखंड	1267.45	2022
3.	गोविंदघाट - श्री हेमकुंड साहिब	उत्तराखंड	1162.92	2022
4.	धोसी पहाड़ी	हरियाणा	50.61	2023

****